प्रेस नोट थाना पीपीगंज गोरखपुर दिनांक 03.10.2024

लोकसेवक के कर्तव्य के निर्वहन में बांधा डालने व लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह मय पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 439/2024 धारा 132, 352, 324(4), 309(4) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त रमेश साहनी उर्फ टन्ने को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 30.09.2024 को वादी मुकदमा की ड्यूटी कब्जा परिवर्तन हेतु लगी हुयी थी। पैमाईश के दौरान अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मौके पर आकर पैमाईश टीम को गाली गुफ्ता देते हुए वादी मुकदमा से चक नक्शा व पैमाईश रजिस्टर छीन कर फाड़ दिया गया व जरीब छीन कर उठा ले गये। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

रमेश साहनी उर्फ टन्ने पुत्र सुखारी निवासी ग्राम जंगल कौड़िया टोला भवनबारी थाना पीपीगंज गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 439/2024 धारा 132,352,324(4),309(4) भा0न्या0सं0 थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर
2. कां0 आशीष कुमार थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर